आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा– पिछले 10 वर्षों में तेज़ी से विकास करने वाला देश बना भारत।
- चुनाव के लिए अब तीन दिन शेष– भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने प्रदेश में की तीन जनसभाएं– कहा– विकासवाद के लिए वोट मांग रही भाजपा।
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का आरोप– महंगाई व बेरोज़गारी कम करने में विफल रही केन्द्र सरकार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– ऊना ज़िले में 31 मई तक बंद रहेंगे सभी स्कूल– सिरमौर के कुछ क्षेत्रों के स्कूलों में भी रहेगी छुट्टी।

............

विकसित भारत

केन्द्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि पिछले 70 वर्षों के मुकाबले बीते 10 वर्षों में भारत तेज़ी से विकास करने वाला देश बन गया है। शिमला के पीटर हॉफ में आज ''विकसित भारत 2047'' विषय पर आयोजित बौद्धिक विचार–विमर्श सत्र में उन्होंने कहा कि इस विकास की बदौलत भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। एस. जयशंकर ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर लेगा लेकिन इसमें सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि बीते 10 वर्षों में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिला है और उज्जवला व आवास योजना जैसी अन्य योजनाओं से गरीब तबके का कल्याण सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया की पहल को जितना बढ़ावा मिलेगा, रोज़गार में उतनी ही वृद्धि होगी और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के 30 लाख लोगों को मुफ्त अन्न योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा जल जीवन मिशन में साढ़े 9 लाख लोगों को कनेक्शन दिए गए हैं और मुद्रा योजना

में साढ़े 7 लाख लोगों को ऋण मिला है। उन्होंने कहा कि डिजिटल कार्य प्रणाली के लागू होने से देश में भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगी है। विकसित भारत बौद्धिक विचार–विमर्श सत्र में प्रदेश के कई बुद्धिजीवियों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार– अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और अब केवल 3 दिन ही शेष रह गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केन्द्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज किन्नौर ज़िले के छोल्टू और शिमला ज़िले के ननखड़ी व रोहड़ू में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकासवाद के लिए वोट मांग रही है ताकि देश में एक बार फिर विकास की गंगा बहाई जा सके। जे.पी. नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के मन में नई उमंग जगाई है और जनकल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज सुनिश्चित हो रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में देश सहित हिमाचल प्रदेश में हर दृष्टि से विकास संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता के उत्साह व ऊर्जा को देखकर ये स्पष्ट है कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का निर्णय ले लिया है।

अनुराग ठाकुर

इधर केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना ज़िले के गगरेट और हरोली में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी एक बार फिर जनता को झूठी गांरटी दे रही है जबकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को दी गई गारंटी को अभी पूरा नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस किसी भी तरह से केवल सत्ता हथियाने का प्रयास कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इसके विपरीत केन्द्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग

को ध्यान में रखते हुए न केवल लाभकारी योजनाएं बनाई बल्कि इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना भी सुनिश्चित किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन देने की योजना केन्द्र की मोदी सरकार ने शुरू की थी और अभी से ही अगले 5 वर्ष के लिए इस योजना को जारी रखने का ऐलान भी कर दिया गया है। इस दौरान गगरेट विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा भी मौजूद रहे।

<u>प्रियंका गांधी</u>

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि भाजपा धर्म के नाम पर वोट मांगती है लेकिन धर्म का कोई काम नहीं करती है। ऊना ज़िले के गगरेट में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा ने धनबल के आधार पर प्रदेश सरकार को गिराने का प्रयास भी किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि केवल 10 वर्ष के शासनकाल में ही भाजपा दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई व बेरोजगारी को कम करने में भी भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा घोषित न कर आपदा प्रभावितों के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अन्य नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस महासचिव ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भी चुनाव प्रचार किया।

<u>शशि थरूर</u>

कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के सदस्य व सांसद शशि थरूर ने कहा है कि इंडिया गठबंधन में अपने घोषणापत्र में हर वर्ग के विकास के लिए वायदे किए हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं रखती है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत व दक्षिण भारत में इंडिया गठबंधन को लोगों का समर्थन हासिल हुआ है और सरकार बनने पर नागरिकता संशोधन अधिनियम कानून सहित सभी जनविरोधी कानूनों को खत्म किया जाएगा।

अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में विकास का एक नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के दौरान कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फ्रंट फुट पर रही है और आपदा से निपटने के लिए साढ़े चार हज़ार करोड़ रूपये का पैकेज जारी किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेश की मज़बूत सरकार को गिराने के सपने देख रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि आने वाले समय में कांग्रेस सरकार और अधिक मज़बूत होगी।

मतदान

प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों में 12–डी प्रपत्रों के माध्यम से अभी तक 41 हज़ार 2 सौ 52 डाक मतपत्र चुनाव विभाग को प्राप्त हुए हैं। इस माध्यम से विभाग को कुल 44 हज़ार 5 सौ 62 आवेदन मिले हैं। इसी तरह 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्राप्त कुल 3 हज़ार 6 सौ 51 आवेदनों में से 3 हज़ार 3 सौ 80 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में बताया कि इस प्रक्रिया के तहत संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में अभी तक 32 हज़ार एक सौ 94 बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाया है।

एवरेस्ट

पर्यटन नगरी मनाली की पर्वतारोही रमा ठाकुर ने विश्व की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी को फतह किया है। ये उपलब्धि हासिल करने के बाद रमा ठाकुर आज मनाली वापिस लौट आई हैं जहां स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। 37 वर्षीय रमा ठाकुर ने बीते 23 मई को एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया और ये उपलब्धि हासिल करने वाली वे हिमाचल की पहली महिला बनी हैं। उन्होंने कहा कि एवरेस्ट चोटी पर जाने का उनका उद्देश्य मनाली की महिलाओं को पर्वतारोहण के प्रति जागरूक करना है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऊना ज़िले में 29 मई से 31 मई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ये आदेश प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूलों के साथ–साथ सभी माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिन स्कूलों में इस अवधि के दौरान परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां परीक्षाओं का आयोजन सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। दूसरी ओर सिरमौर ज़िले में नाहन क्षेत्र के ग्रामीण स्कूल और पावंटा उपमंडल के सभी स्कूलों को भी 29 मई से 31 मई तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। राज्य के अन्य ज़िलों में भी भीषण गर्मी से लोग बेहाल है और दिन के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान मौसम साफ रहने और कुछ क्षेत्रों में लू चलने की संभावना जताई है।

पर्यटन

देश के मैदानी इलाकों में गर्मी पड़ने के साथ ही पर्यटकों ने पहाड़ी क्षेत्रों का रूख कर लिया है। ऐसे में पर्यटन नगरी मनाली सहित आसपास के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। बीते तीन दिनों के भीतर ही 50 हज़ार से अधिक सैलानियों के मनाली पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। मनाली होटलियर एसोसिएशन के प्रधान मुकेश ठाकुर के अनुसार मनाली में होटलों के 80 फीसदी से अधिक कमरों की बुकिंग हो चुकी है। दूसरी ओर 13 हज़ार 50 फुट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रा भी पर्यटकों के लिए खुल गया है।

स्वीप कार्यक्रम

आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग निरंतर मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में लाहौल स्पीति ज़िले में स्वीप कार्यक्रम के तहत तांदी–संगम के बामतट पर आयुष विभाग ने योगाभ्यास का आयोजन कर शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि वोट देना सफल लोकतंत्र के लिए जरूरी है और सभी को इस महापर्व में सक्रिय

भागीदारी सुनिश्चित बनानी चाहिए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उन्होंने केलंग में स्कूली बच्चों की जागरूकता व साईकिल रैली को भी हरी झंडी दिखाई।

ऊना–मतदान

ऊना ज़िले में लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान पूर्व निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज़िले में 15 उड़न दस्ते और 17 निगरानी टीमें लगातार फील्ड में तैनात हैं और हर गतिविधि पर पैनी नज़र रखी जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि ऊना ज़िले में अब तक 3 हजार 7 सौ 36 वोटरों ने अपने घर से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान किया है।

नमस्कार।